औद्योगिक क्षेत्रों के डार्क स्पॉट का होगा चिह्नीकरण

लखनऊ। प्रदेश के निवेशकों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। इसी क्रम में औद्योगिक क्षेत्रों की हैलोजन स्ट्रीट लाइट को एलईडी लाइट से बदल दिया है। 40 हजार लाइट बदली जा चुकी है। प्राधिकरण पुलिस के साथ मिलकर डार्क स्पॉट भी चिह्नित कर रहा है। वहां नए सिरे से रोशनी की जा रही है। उप्र औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) औद्योगिक क्षेत्रों में सोलर सिस्टम भी लगा रहा है। 150 वाट का सिस्टम मुख्यालय में तैयार है जो दिसंबर में चालू होगा। कासना, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, सिकंदरा (आगरा) में नेडा के साथ काम शुरु होने जा रहा है। इसके अलावा सभी औद्योगिक इलाकों के लिए नेडा से फिजिबिलिटी रिपोर्ट मांगी गई है। यूपीसीडा के सीईओ मयूर महेश्वरी ने बताया कि मुख्यमंत्री ने व्यवस्थाओं में तकनीक के अधिक से अधिक इस्तेमाल के लिए कहा है। इसी के तहत औद्योगिक क्षेत्रों में निगरानी के लिए क्यूआर कोड का इस्तेमाल किया जा रहा है। ब्यूरो